आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य सरकार ने विश्व धरोहर कालका–शिमला रेल लाईन को ग्रीन हाइड्रोजन से संचालित करने की संभावना तलाशने का रेल मंत्रालय से किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं पर बेतुकी व आधारहीन बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा– प्राथमिक सदस्यता अभियान में प्रदेशभर में बनाए गए करीब 16 लाख सदस्य।
- प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों ने वेतन का एरियर न मिलने पर शिमला में कंपनियों के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन।

<u>मुख्यमंत्री</u>

राज्य सरकार ने केंद्रीय रेल मंत्रालय से यूनेस्को विश्व धरोहर कालका–शिमला रेल लाइन को ग्रीन हाइड्रोजन से संचालित करने की संभावना तलाशने का आग्रह किया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रेल मंत्रालय को इस ऐतिहासिक रेल लाइन को ग्रीन एनर्जी संचालित रूट में बदलने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में अनेक पहल की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को प्रमाणित ग्रीन एनर्जी स्टेट में बदलने के लिए छः सूत्रीय रणनीति के तहत कार्य कर रही है। सरकार की यह पहल भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा की विकेन्द्रिकरण पहल के तहत ग्रीन पंचायत योजना शुरू की है।

<u>सीएम</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर ज़िले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें बिझड़ी में लोक निर्माण विभाग के नए उपमंडल कार्यालय का उद्घाटन और सलौणी–दियोटसिद्ध सड़क मार्ग के विस्तारीकरण की आधारशिला शामिल है। बाद में नादौन में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार 10 में से 5 गारंटियों को पहले ही पूरा कर चुकी है और अन्य गारंटियों को जल्द पूरा करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेता सुर्खियों में बने रहने के लिए बेतुकी व आधारहीन ब्यानबाजी करते रहते हैं और गलत जानकारी देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी गुमराह कर रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को दी जा रही सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने हिमाचल को 2027 तक आत्मनिर्भर और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध व खुशहाल राज्य बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

## बैठक

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज शिमला में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक कर सभी संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के सभी वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अनेक कल्याणकारी नीतियां और फ्लैगशिप कार्यक्रम शुरू किए हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य का समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोग लाभान्वित हो सकें। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को जनहित की दिशा में विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार कदम उठाने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी मौजूद रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में 5 से 8 नवम्बर तक आयोजित होने वाले 67वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भाग लेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र ज़ोन–2 के संयोजक भी हैं, जिसमें हिमाचल सहित 5 राज्य शामिल हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें सद्भावना, वैश्विक विचारधारा, एकता और शांति का महासंगम देखने को मिलेगा। इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

## यातायात

कुल्लू ज़िले में पुलिस चैक पोस्ट कोठी से रोहतांग पास तक सीमा सड़क संगठन द्वारा चलाए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के चलते 5 नवम्बर से 15 जनवरी तक सुबह 11 बजे तक ही वाहनों के लिए आवाजाही की अनुमति रहेगी। ज़िला उपायुक्त तोरूल एस. रविश ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के कारण सीमित कार्य दिवस होने के चलते प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सांय 4 बजे के बीच यातायात बंद रहेगा।

## भाजपा बैठक

प्रदेश भाजपा का संगठन पर्व सक्रिय सदस्यता व संगठनात्मक चुनाव बैठक आज मंडी ज़िले के सुंदरनगर में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा का संगठन पर्व देश सहित प्रदेशभर में चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में 3 चरण हैं, जिसमें से प्रथम, प्राथमिक सदस्यता अभियान में प्रदेशभर में 14 लाख 36 हज़ार सदस्य ऑनलाईन और डेढ़ लाख सदस्य मैनुअल बनाए गए हैं। बिंदल ने कहा कि दूसरे चरण में सक्रिय सदस्यता अभियान कल 5 नवम्बर को पूरा हो जाएगा और तीसरे चरण में 11 नवम्बर से 30 नवम्बर तक प्रदेश में सभी 8 हज़ार बूथों पर नए सिरे से बूथ समितियों का गठन किया जाएगा। राजीव बिंदल ने कहा कि जल्द ही मंडल व ग्राम केंद्र चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति व ज़िला स्तरीय संगठन पर्व की कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। बैठक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी राजीव भारद्वाज और सिकंदर कुमार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों ने वेतन का एरियर न मिलने के विरोध में आज शिमला में कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। व्यवसायिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अश्वनी डटवालिया ने कहा कि जिन कंपनियों के माध्यम से उनकी नियुक्ति हुई है, उन कंपनियों द्वारा शिक्षकों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कंपनियां सरकार और शिक्षा विभाग के निर्देशों को दरकिनार कर रही हैं और शिक्षकों को अभी तक एरियर का भुगतान नहीं किया गया है। इस दौरान शिक्षकों ने राज्य सरकार से उन्हें शिक्षा विभाग में मर्ज़ करने की मांग भी की।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ज़िला के रामपुर उपमंडल के तकलेच में आयोजित राजा वीरभद्र सिंह मैमोरियल पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विक्रमादित्य सिंह ने युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता जताते हुए कहा कि नशे पर रोक लगाने के लिए खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 3 सौ तक की आबादी वाले गांव को भी सड़कों से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग ने रूपरेखा तैयार की है और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में इस पर काम होगा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहीं।